जननायकचन्द्रशेखरविश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांकः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10274/2026 दिनांक 03, अगस्त 2026

## कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में **एम0एस0–सी0(कृषि)–हार्टिकल्चर तथा एम0एस–सी0 (कृषि)– एग्रोनॉमी एवं बी०सी०ए० (ए०आई०)** पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 19 जुलाई, 2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइटः jncuadm.samarth.edu.in पर अपलोड किया जा चुका है।

विश्वविद्यालय में उपलब्ध सीटों के सापेक्ष आरक्षण नियमों एवं मेरिट के अनुसार प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग प्रक्रिया **दिनांकः 05 अगस्त, 2026 से 08 अगस्त, 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर अवस्थित हजारी प्रसाद अकादमिक भवन में पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे के मध्य सम्पन्न की जानी है।** तदनुक्रम में उक्त तिथि एवं स्थान पर समयानुसार उपस्थित होकर प्रवेश सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

**प्रवेश हेतु आवश्यक प्रपत्रः–**

- प्रवेश पंजीकरण एवं आवेदन पत्र एवं शुल्क रसीद।
- समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ 01 सेट स्वप्रमाणित छाया–प्रति ।
- दो पासपोर्ट साइज फोटो।
- आधार कार्ड एवं उसकी छाया–प्रति ।
- बैंक पासबुक की छाया–प्रति ।
- अन्तिम संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी०सी०/माइग्रेशन) एवं चरित्र प्रमाण–पत्र मूलरूपेण।
- आरक्षण/भारांक का लाभ लेने वाले अभ्यर्थीसक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत मूल प्रमाण–पत्र साथ लायेंगे। उक्त के अभाव में आरक्षण/ भारांक का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

पताः– शहीदस्मारक, निकटसुरहाताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिनकोडः–277001
Address:-Saheed Smarak, Near SurhaTaal,Dist-Ballia,U.P.Pin Code-277001

Singh 3/8/26

नोटः–

1. काउन्सलिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु कोई शुल्क देय नहीं है। काउन्सलिंग के बाद ही सम्बन्धित विषय /पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जायेगी, जिसका यथानिर्धारित शुल्क काउन्सलिंग के पश्चात केवल आनलाईन माध्यम से ही देय होगा। जिसकी सूचना पंजीकृत E-mail पर दी जाऐगी।
2. प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही प्रवेश पूर्ण होगा। छात्र अपनी शुल्क रसीद संबंधित विभाग में अवश्य जमा करें। काउन्सलिंग में केवल प्रतिभाग करने से प्रवेश पूर्ण नहीं माना जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| डॉ प्रियंका सिंह<br>(प्रवेश समन्वयक) | डॉ० (पुष्पा मिश्रा)<br>निदेशक शैक्षणिक | (एस०एल०पाल)<br>कुलसचिव |

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यककार्यवाही हेतु प्रेषितः–

- माननीय कुलपति जी
- वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
- जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
- प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
- सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव